दिनांक: **21**.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री-मॉनसून सत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह सत्र हमारी सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों के सांसदों से मॉनसून सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा विश्व भारत की सैन्य शक्ति का साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के मास्टर माइंड को उनके ठिकानों में ही ध्वस्त कर दिया गया।

प्रधानमंत्री

आज से शुरू हुआ मॉनसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है।

विधायक विश्राम गृह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। नवीन विधायक विश्राम गृह लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स बनाए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने की, इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

सावन सोमवार

आज सावन का दूसरा सोमवार है, इस अवसर पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। उज्जैन में आज भगवान महाकाल की दूसरी सवारी निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इसमें शामिल होंगे। खण्डवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले की तीर्थ नगरी ओम्कारेश्वर में श्रावण माह के द्वितीय सोमवार को भगवान ओम्कारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। शाम चार बजे भगवान ओम्कारेश्वर की सवारी का विधिवत पूजन-अर्चन के दौरान ओम्कारेश्वर मन्दिर के सभा मण्डप से प्रारंभ होने के बाद सवारी नगर भ्रमण की ओर रवाना होगी। आदि देव महादेव की पूजा आराधना और जप-तप का विशेष श्रावण माह के दूसरे सोमवार पर आगरमालवा जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रृद्धालु भक्तजन अलसुबह से ही पूजा अर्चना में लगे हुए है। यहां प्राचीन व ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में आये भक्तजन कतार में खड़े होकर दर्शन लाभ ले रहे है। नर्मदापुरम के हिल स्टेशन पचमढ़ी में जारी नागद्वारी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। पिछले 2 दिन से कुछ जिलों में ही हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज और कल कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे दिन का तापमान बढ़ जाएगा। 23 जुलाई से फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। विभाग के मुताबिक मानसूनी टर्फ और पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश से काफी दूर है, लेकिन जुलाई के आखिरी सप्ताह फिर से प्रदेश तरबतर हो जाएगा। पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में तेज बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश में अब तक औसत 20.5 इंच बारिश हो चुकी है। 3 जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और श्योपुर में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15% तक ज्यादा पानी गिर चुका है।

सोलर सिस्टम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में "प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

संक्षिप्त समाचार

- धार जिले के मांडू में कांग्रेस द्वारा दो दिवसीय नवसंकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- कटनी जिले में पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत रंगनाथ नगर के मुड़वारा स्टेशन के बाहर ऑटो चालकों एवं आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।
- जबलपुर जिले में विक्टोरिया अस्पताल में जन्मजात विकृति के बच्चों का चिन्हांकन,एनीमिया स्क्रीनिंग, बाल हृदय और, बाल श्रवण उपचार और क्लबफुट, एव कटे-फटे होंठ-तालू, की तीन महीने में की गई सर्जरी की समीक्षा की गई।